दिल्ली परिवहन निगम के कर्मचारियों की मांगें और दिल्ली परिवहन निगम में घाटे

324. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली परिवहन निगम के कर्मचारियों की किन-किन मांगों को सरकार ने स्वीकार कर लिया है और उन पर निगम के कर्मचारियों की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ख) 31 मार्च, 1988 तक दिल्ली परिवहन निगम को कुल कितना घाटा हुआ था और उसे खत्म करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) दिल्ली परिवहन निगम के कर्मचारी समय-समय पर विभिन्न मांगें उठाते रहे हैं किन्तु इस समय उनकी मुख्य मांगे उन पर चौथे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने के बारे में है । सरकार ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया है किन्तु उन्हें उच्च शक्ति प्राप्त वेतन समिति की सिफारिश के अनुसार केन्द्रीय सरकार का डी.ए. पैटन अपनाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को दिया जाने वाला अतिरिक्त महंगाई भत्ता और अन्तरिम राहत उन्हें भी प्रदान किया गया है । दिल्ली परिवहन निगम के कर्मचारियों ने चौथे वेतन आयोग की सिफारिशें उन पर लागू किये जाने की अपनी मांग नहीं छोड़ी है ।

(ख) इस समय वर्ष 1987-88 की कुल हानि की जानकारी नहीं है क्योंकि लेखों का संकलन और लेखा परीक्षा नहीं हुई है । घाटों को रोकने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए सतत आधार पर किये गए उपायों में प्रति-यूनिट लागत में कमी, किफायत के उपाय लागू करना, राजस्व की बर्बादी रोकना और रूटों को युक्ति-संगत बनाना शामिल है ।

इलाहाबाद स्टेशन पर बनाए जा प्लेटफार्म और ओवर ब्रिज

325. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इलाहाबाद स्टेशन पर नये प्लेटफार्म और ओवरब्रिज निर्मित किये जा रहे हैं और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और उन पर कुल कितनी राशि खर्च किये जाने की संभावना है ; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब पूरा किये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) 12 लाख रुपए की अनुमानित लागत से एक नए द्वीप प्लेटफार्म के निर्माण का प्रस्ताव है । 60 लाख रुपए की अनुमानित लागत से एक नया ऊपरी पैदल पुल निर्माणाधीन है जो सिटी साइड को सिविल लाइन साईड तथा सभी मौजूदा प्रस्तावित प्लेटफार्मों से जोड़ेगा ।

(ख) द्वीप प्लेटफार्म 1988-89 तक तथा ऊपरी पैदल पुल 1989 तक पूरा हो जाने की आशा है ।

Loans to Teachers of Banaras Hindu University

326. **SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA:** Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be plesed to state whether there is any scheme for advancing loans to teachers of Banaras Hindu University for purchase of Cars/Jeeps and also for construction of houses, and if so what are the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MI-